पीत–पत्र के बदले

N.O.I-1178024/7/18

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।

विभागीय कार्यालय आदेश सं0–3724 दिनांक–17.07.2018 के आलोक में दिनांक–19.07.2018 को औरंगाबाद जिला के क्षेत्रों के कार्यों का समीक्षा किया गया है।

तदनुसार समीक्षा प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

अनु0:– यथोक्त।

(भवानी नन्दन)
मुख्य अभियंता
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्राप्ति तिथि 24 JUL 2018

पत्र पंजी 25 JUL 2018 संख्या 8151

Tour Aurangabad 12.07.2018

DK

दिनांक 19.07.2018 को औरंगाबाद जिला के निकायों की समीक्षा प्रतिवेदनः–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 19.07.2018 को औरंगाबाद जिला के नगर निकायों में समीक्षा की गयी, जिसकी स्थिति निम्नवत् है:–

- **हर घर नल का जलः–**

(1) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा बताया औरंगाबाद शहरी क्षेत्र में वर्ष 2017–18 में 1306 घरों में नल का जल पहुंचाने का लक्ष्य था तथा 2018–19 में 6532 घरों में नल का जल पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें से अभी 8 वार्ड में कार्य प्रारंभ किया गया है। यह प्रगति लगभग 24% है। इसमें से कोई भी योजना पूर्ण नहीं है। निदेश दिया गया कि कार्य त्वरित गति से करायें।

(2) नगर कार्यपालक पदाधिकारी, दाउदनगर द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में कुल 2851 घरों में एवं 2018–19 में 6053 घरों में नल का जल पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें से 25 वार्ड में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। वर्ष 2017–18 में उपलब्धि 936 घरों में है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में 40 घरों का कार्य आरम्भ हो चुका है। त्वरित गति से कार्य कराने का निदेश दिया गया।

(3) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में लच्छित घरों की संख्या–285 तथा वर्ष 2018–19 में लक्षित घरों की संख्या–382 है। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा यह भी बताया गया कि नवीनगर में कुल 14 वार्ड के लिए 15 टेण्डर हो गया है। सभी टेण्डर दिनांक–03.08.2018 को खुलेगा। निर्देश दिया गया कि त्वरित गति से निविदा का निष्पादन करें।

(4) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में वर्धित लक्ष्य 514 घर तथा वर्ष 2018–19 में 2217 घर लक्ष्य रखा गया है। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा बताया गया कि कुल वार्ड की संख्या–16 है, जिसमें 03 वार्ड में कार्य आरम्भ किया गया है। त्वरित गति से कार्य कराने का निदेश दिया गया है।

- **हर घर तक पक्की गली–नाली योजना–**

(1) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा सूचित किया गया कि वर्ष 2017–18 में लक्षित घरों की संख्या–1665 तथा वर्ष 2018–19 में लक्षित घरों की संख्या–999 है। कुल लक्षित घरों की संख्या–2664 में से 1711 घरों का कार्य पूर्ण किया गया है। कुल वार्ड की संख्या–33 में से 5 वार्ड में कार्य पूर्ण है।

(2) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, दाउदनगर द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 का वर्धित लक्ष्य 1205 तथा उपलब्धि लगभग 1200 तथा वर्ष 2018–19 में वर्धित लक्ष्य 723 घर है। वार्ड की संख्या–27 है।

(3) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में वर्धित लक्ष्य 720 है तथा वर्ष 2018–19 में लक्ष्य 432 घर है। कुल वार्ड की संख्या–15 है। वर्ष

2017–18 में उपलब्धि पूर्ण करा लिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 20 योजना निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है।

(4) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा सूचित किया गया है कि वर्ष 2017–18 तथा वर्ष 2018–19 में वर्धित लक्ष्य क्रमशः 285 घर तथा 97 घर (कुल लक्ष्य–382 घर) है। कुल वार्ड की संख्या 14 है, जिसमें 15 योजना का निविदा प्रकाशित किया गया है।

- **स्वच्छ भारत मिशन**–

(1) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 तथा वर्ष 2018–19 को मिलाकर कुल शौचालय निर्माण का लक्ष्य–996 घर है, जिसमें से 879 घर में शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है तथा कुल वार्ड की संख्या–33 है, जिसमें से 14 वार्ड ODF घोषित है।

(2) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दाउदनगर द्वारा वर्ष 2017–18 में शौचालय निर्माण का लक्ष्य 1212 घर में उपलब्धि–939 घर है तथा वर्ष 2018–19 में कुल लक्ष्य 273 घर है तथा उपलब्धि–50 घर है।

(3) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 का लक्ष्य–738 है, जिसमें उपलब्धि–232 घर है। वर्ष 2018–19 का लक्ष्य–506 घर है, जिसमें से उपलब्धि 29 घर है। 2 अद्द सामुदायिक शौचालय (6 x 2) की निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है। त्वरित निविदा निष्पादन का निदेश दिया गया।

(4) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 का लक्ष्य–2407 घर तथा वर्ष 2018–19 का लक्ष्य–2199 घर है। वर्ष 2017–18 तथा वर्ष 2018–19 में उपलब्धि क्रमशः 208 घर तथा 238 है। IHSDP योजना से संबंधित शौचालय निर्माण में नवीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज है। PHED तथा BRJP द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन अप्राप्त है।

उपस्थित सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि निविदा निष्पादन तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति त्वरित गति से किया जाय।

धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(भवानी प्रसाद) 17-7-18

मुख्य अभियंता,